हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 20 दिसंबर 2023


तापमान

अधिकतम 22.3 डिग्री

न्यूनतम 6.6 डिग्री


11 समय व्यर्थ गंवाना किसी चूक से कम नहीं : आंतिल





12 26 लाख की लागत से डाली जाएगी नई सीवर लाइन




## खबर संक्षेप

### स्वामी ज्ञानानंद गन्नौर में कल करेंगे गीता यज्ञ

**गन्नौर।** गीता जयंती के अवसर पर रेलवे रोड स्थित कोर्ट परिसर में 21 दिसंबर को गीता यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होंगे और गीता महा यज्ञ में आहुति डालकर सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय की कामना करेंगे। विधायक निर्मल चौधरी ने जानकारी दी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**गोहाना।** गोहाना-जींद मार्ग पर स्थित श्री गोपाल कृष्ण गौशाला के निकट किसी अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसे महिला मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अनिल ने कहा कि अमन पुत्र शशि (24) उसके मामा का बेटा था। वह ठरू गांव का निवासी था। वह सोमवार को बाइक पर गोहाना की तरफ लौट रहा था। उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

### पिस्तौल के बल पर दुकानदार को लूटा

**सोनीपत।** कुंडली क्षेत्र स्थित शिक्षण संस्थान निफ्टम के पास पिस्तौल के बल पर बाइक सवार दुकानदार से बदमाश दस हजार रुपये और मोबाइल लूट ले गए। कुंडली के गैडोर कॉलोनी निवासी अभिषेक ने बताया कि वह कॉलोनी में परचून की दुकान चलाते है। रविवार रात को सेरसा गांव के हर्षित के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। निफ्टम के पास युवकों ने उन्हें रोक लिया। दो युवकों ने पिस्तौल दिखा कर उसकी जेब से दस हजार रुपये व मोबाइल भी छीन ले गए।

### अपेक्स सोसायटी के लोगों ने की डीसी से शिकायत

**सोनीपत।** अपेक्स ग्रीन सोसायटी के निवासियों ने रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले इकट्ठा होकर एक बार फिर से उपायुक्त के समक्ष गुहार लगाई है। मामला सोसायटी में आगजनी से बचने के उपकरणों, बिजली, पानी और सीवर की सुविधा ना होने को लेकर है। निवासियों ने बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई गई है। शिकायतकर्ताओ ने 11 नवंबर की रात को हुई भीषण आगजनी का हवाला भी दिया है।

### बेटी की ससुराल गई महिला व बेटे से मारपीट

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव बड़वासनी में बेटी को उसकी ससुराल छोड़ने आई महिला व उसके बेटे से मारपीट करने व अभद्रता करने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने पुलिस को देकर दामाद के ताऊ व उसके भाई व पत्नी पर मारपीट का आरोप लगाया है। राजलू गढ़ी निवासी बलकेश ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी अंजू की शादी गांव बड़वासनी में कर रखी है।

# प्री-बोर्ड परीक्षा में अव्यवस्था से गुस्साए अभिभावक, स्कूल गेट पर जड़ा ताला

ग्रामीणों की चेतावनी, सोमवार तक प्राचार्य नहीं बदला तो बच्चों को नहीं भेजेंगे स्कूल

- प्रश्नपत्र व उत्तर पुस्तिकाएं न देने पर अभिभावकों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव जुआं स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अव्यवस्थाओं के खिलाफ अभिभावकों का गुस्सा फूटा तो स्कूल के गेट पर ताला जड़ दिया। इतना ही नहीं गुस्साए ग्रामीणों ने सोमवार तक प्राचार्य के तबादले की मांग उठाते हुए, मांग पूरी ना होने पर बच्चों को स्कूल ना भेजने चेतावनी भी दी है। मामला सोमवार को हुई प्री-बोर्ड परीक्षा से जुड़ा हुआ है। जिसमें बच्चों को प्रश्नपत्र व उत्तरपुस्तिका देने की बजाए शिक्षकों ने ब्लॅकबोर्ड पर ही प्रश्न लिख दिए और बच्चों ने कॉपी से पेज फाड़कर उत्तर लिखे।



**सोनीपत।** स्कूल के मुख्य गेट का ताला जड़कर विरोध जताते हुए अभिभावक एवं ग्रामीण।

इसकी जानकारी मिलने के बाद मंगलवार को अभिभावक स्कूल के बाहर इकट्ठा हो गए और बच्चों के साथ प्रदर्शन करते हुए स्कूल के गेट पर ताला जड़. दिया। ताला जड़ने की सूचना मिलने पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी और पुलिस भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया तो चेतावनी देने के बाद ग्रामीणों ने ताला खोला। इसके उपरांत प्रश्नपत्र भी मंगवाए गए और उत्तरपुस्तिका भी। इसके बाद ही प्री-बोर्ड की परीक्षाएं करवाई गई। बता दें कि सोमवार से राजकीय स्कूलों में प्री-बोर्ड परीक्षाएं शुरू हुई थी। पहले दिन 10वीं व 12वीं कक्षा का पेपर हुआ।

### सोमवार को हुआ था पेपर, नहीं थे इंतजाम

सोमवार को हुई परीक्षा के तहत गांव जुआं स्थित राजकीय कन्या स्कूल में किसी भी छात्रा को प्रिंटेट प्रश्नपत्र व उत्तरपुस्तिकाएं मुहैया नहीं करवाई थी।

छात्राओं ने इस बारे में घर जाकर अपने अभिभावकों को बताया। दूसरे दिन मंगलवार भी व्यवस्थाएं नहीं सुधरी तो गुस्साए अभिभावकों ने स्कूल गेट पर ताला जड़ते हुए प्राचार्य के खिलाफ जमकर रोष प्रकट किया। अभिभावकों ने प्राचार्य पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत भी दी और प्रशासन को चेताया कि अगर सोमवार तक प्राचार्य का तबादला नहीं किया गया तो वह अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे। स्कूल में हैं अव्यवस्थाएं व्यवहार भी अच्छा नहीं गांव जुआं के पूर्व सरपंच विनोद कुमार ने बताया कि गांव के राजकीय कन्या स्कूल में अव्यवस्थाएं व्याप्त हैं। शौचालयों के गेट तक नहीं हैं। पंचायत के सदस्य जब स्कूल में जाते हैं तो प्राचार्य का व्यवहार अच्छा नहीं होता। स्कूल में छात्राओं को बेहतर सुविधाएं नहीं दी जा रही। प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। सोमवार तक प्राचार्य का तबादला नहीं किया गया तो बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे।

### ग्रामीणों को समझाकर ताला खुलवाया

जुआं के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में ग्रामीणों ने ताला जड़ दिया था। ग्रामीणों को समझाकर ताला खुलवाया गया और मौके पर ही प्रश्नपत्र व उत्तरपुस्तिकाएं भी मंगवाई गई। अभिभावकों, छात्राओं व शिक्षकों से बातचीत की गई है। इसकी रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजी जाएगी।

-**सरोज बाल्याण**, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत।

### पहले भी स्कूल पर जड़ा था ताला

गांव जुआं गांव स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पर पहले भी ग्रामीणों ने ताला जड़ा था। मई माह में भी मिड-डे-मील में हो रही अव्यवस्थाओं के खिलाफ भी ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए स्कूल पर ताला जड़ दिया था। प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि व्यवस्थाओं को ठीक किया जाएगा। अब प्री बोर्ड परीक्षाओं में फैली अव्यवस्थाओं के कारण ग्रामीणों को स्कूल पर दोबारा ताला जड़ना पड़ा।

## भाई के हत्यारे को उम्रकैद व जुर्माना

- दोषी पर सात हजार रुपये जुर्माना लगाया, अदा न करने पर 15 माह की अतिरिक्त सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सदर थाना क्षेत्र के गांव रोहट में चाकू से हमला कर भाई की हत्या करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्ति जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमल सपरा की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर सात हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। आरोप था कि मां की बीमा राशि के दो लाख रुपये हड़पने को खुद अपने भाई पर हमला किया था और बाद में अपने जीजा पर झूठा आरोप लगा दिया था। पुलिस ने जांच कर मामले का खुलासा किया था। गांव रोहट निवासी मंजीत ने 9 अगस्त, 2021 को सदर थाना में मुकदमा दर्ज कराया था कि उनकी गांव की जमीन का मुआवजा 10 अगस्त, 2021 को मिलना था। चिटाना गांव निवासी उनका जीजा मोनू मुआवजे की धनराशि में अपना हिस्सा मांग रहा था। रुपये देने से मना करने पर उसने आठ-दस साथियों के साथ घर पर आकर हमला कर दिया था। मंजीत का आरोप था कि मोनू ने उसके साथ ही उनके भाई राजेश और बहन आशा पर चाकू व तेजधार हथियार से हमला किया था। बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां पर राजेश की मौत हो गई थी। पुलिस ने मोनू और उसके साथियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने मामले में गहनता से जांच की तो मामला संदिग्ध मिला था। मंजीत को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की थी तो उसने भाई पर हमला खुद करना स्वीकार किया था। पुलिस ने दावा किया था कि उसने जीजा को फंसाने के लिए मुकदमा दर्ज कराने की बात कही थी।

मंजीत ने बताया था कि उसकी मां का दो लाख रुपये का बीमा था। मां की मौत तीन साल पहले हो गई थी। बीमा के कागजात उसके पास थे, जबकि नॉमिनी उसका बड़ा भाई राजेश था। वह बीमा लेने के लिए कागजात मांग रहा था। घटना के दिन वह कागजात मांगने आया था। इसको लेकर विवाद हुआ था और चाकू लगने से बड़ा भाई घायल हो गया था। बाद में उसने जीजा का नाम ले लिया था।

## कुलपति ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- शिवविद्यालय ने 25 परीक्षा केंद्र बनाए

दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। कुलपति प्रो. सिंह ने परीक्षा के लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कुलपति प्रो. सिंह मंगलवार को औचक परीक्षा नियंत्रक डा. एमएस धनखड़ के साथ जीवीएम व गेटवे इंजीनियरिंग कॉलेज में चल रहे परीक्षा केंद्रों में पहुंच गए। कुलपति प्रो. सिंह ने इस दौरान परीक्षार्थियों से बातचीत भी की। उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र में प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो ताकि परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। परीक्षा नियंत्रक डा.एम.एस.धनखड़ ने कहा कि विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा द्वारा बीटेक, एमटेक, बीबीए, बीसीए, एमबीए, एमसीए, एम प्लान, एमएचए, एमएससी व बीएससी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय ने 25 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। जिनमें से 14 परीक्षा केंद्र विश्वविद्यालय के अंदर हैं, जबकि 11 परीक्षा केंद्र संबंधित महाविद्यालयों में बनाए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डा. धनखड़ ने कहा कि परीक्षाओं का आयोजन दो सत्रों में किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए केंद्र अधीक्षक विश्वविद्यालय से लगाए गए हैं।

नकल रहित परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय द्वारा फ्लाइंग स्क्वायड का गठन कर दिया गया है। 18 दिसंबर से प्रारंभ हुई परीक्षाओं में लगभग 20000 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं।



**सोनीपत।** परीक्षा केंद्र पर पहुंचें कुलपति जांच करते हुए।

## जबरन किए रिटायर, कोर्ट ने दिए वेतन और भत्ते देने का फैसला

**सोनीपत।** सेक्टर 14 स्थित एक निजी स्कूल को अपने कुछ कर्मचारियों को समय से पूर्व सेवानिवृत्त किए जाने के मामले में अदालत ने पूरी अवधि की सैलेरी और सभी तरह के भत्ते दिए जाने के निर्देश दिए हैं। कर्मचारियों ने प्राचार्या पर स्कूल के कुछ कर्मचारियों ने जबरदस्ती सेवानिवृत्त किए जाने के आरोप लगाए हैं।

इस विषय में कर्मचारियों ने डीईओ, डीसी और सीबीएसई को शिकायत भेजने के बाद अदालत की शरण ली थी। जानकारी अनुसार जानकीदास स्कूल के कुछ कर्मचारियों ने अदालत एजुकेशन ट्रिब्यूनल कम जिला न्यायधीश की अदालत में 2019 में केस दर्ज करवाया था। इसमें बताया गया था कि स्कूल और प्रबंधन ने इन कर्मचारियों को 55 वर्ष की उम्र में जबरदस्ती रिटायर कर दिया है। जोकि नियमों के खिलाफ है। इस केस में जांच करते हुए अदालत ने 58 साल की आधिकारिक रिटायरमेंट की उम्र पूरी होने तक पूरी तनख्वाह और सभी तरह के भत्ते देने के निर्देश दिए हैं। शिकायत देने वालों में अमिता शर्मा, जयभगवान सिंह, सुभाष चंद, महेश कुमारी, नीतू वधवा आदि शामिल थे।

## पुलिस व ग्रामीणों में रस्साकस्सी का मुकाबला

- नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त हरियाणा कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जिला पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) भारती डबास के मार्गदर्शन में बुधवार को गांव मोहाना में नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त हरियाणा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया जिसमें खेलों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर खेलों में भाग को प्रोत्साहित करने के लिए मोहाना थाना के एसएचओ अरुण कुमार व गांव के पुलिस प्रहरी मुख्य सिपाही अनिल अपनी पुलिस टीम के साथ मोहाना के उक्त विद्यालय में पहुंचे। इस दौरान मोहाना थाना की पुलिस व गांव की टीम के बीच रस्साकस्सी का मैच करवाया गया। इस मैच का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को नशे की लत से दूर रहकर खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना था। मैच के बाद मोहाना थाने के एसएचओ ने गांव मोहाना की विजेता टीम को सम्मानित किया।



**गोहाना।** रस्साकस्सी में जोर आजमाइश करते हुए पुलिस कर्मी और ग्रामीण।

## हादसे में घायल ट्रक क्लीनर की उपचार के दौरान मौत

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव भदाना के पास सड़क हादसे में घायल हुए ट्रक चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे के समय वह गांव भदाना के पास चावल मिल के सामने पैदल चाय पीने जा रहा था। तभी बाइक ने उसे चपेट में ले लिया। वहीं उसके साथी चालक ने उसे अलीगढ़ में भर्ती कराया था। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। गांव एटा उत्तर प्रदेश निवासी हेमंत सिंह ने बताया कि वह ट्रक चालक है। उनके साथ ट्रक पर एटा के घुटलई का रहने वाला कृपाल सिंह क्लीनर था। वह 15 दिसंबर को गांव भदाना के पास स्थित चावल मिल में आए थे। चावल उतारने के बाद कृपाल सिंह पैदल ही राइस मिल के पास स्थित चाय की दुकान पर जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। वह प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लेकर अलीगढ़ के निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां पर उन्हें भर्ती करा दिया गया। अब सोमवार को उपचार के दौरान उनकी अलीगढ़ में मौत हो गई। मामले से सदर थाना सोनीपत पुलिस को अवगत कराया गया। पुलिस ने जांच के बाद बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई शैलेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द से जल्द बाइक चालक का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### नगर परिषद ने बीज मार्केट में की कार्रवाई

## दुकानों के आगे चबूतरों पर चलाई जेसीबी

- टीम ने दुकानों के बाहर बने टीन के शेडों को भी गिराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

नगर परिषद गोहाना द्वारा मंगलवार को शहर में रोहतक गेट के निकट बीज मार्केट में स्थायी अतिक्रमण हटाने के लिए कार्रवाई की। अधिकारियों ने पुलिस का सहयोग लेकर लगभग 15-20 दुकानों और मकानों के बाहर बनाए गए पक्के चबूतरों और टिन शेडों पर जेसीबी चलवाई। लोग कई बार जेसीबी के सामने आकर खड़े हुए नगर परिषद की कार्रवाई का विरोध किया। लोगों ने मांग की कि पूरे गोहाना में एक समान कार्रवाई की जाए। पुलिस द्वारा सख्ती की गई और अधिकारियों ने जेसीबी चलवाई। एक महिला न्यायालय से पहले लिए गए स्टे की प्रति लेकर पहुंची और चबूतरा नहीं तोड़ने दिया।



**गोहाना।** दुकानों के बाहर बने पक्के चबूतरों को तोड़ते हुए जेसीबी। **फोटो : हरिभूमि**

रोहतक गेट के निकट से एक रास्ता सोनीपत रोड की तरफ जाता है। यहां पर कई दुकानें खाद व बीज की हैं, जिसके चलते इस क्षेत्र को बीज मार्केट के नाम से जाना जाता है। यहां पर नगर परिषद द्वारा भी अपनी दुकानें किराये पर दी गई हैं। लोगों ने दुकानों के सामने पक्के चबूतरे बना रखे थे, जिससे यह रास्ता संकरा हो गया। इसी मार्केट के एक व्यक्ति ने कई माह पहले सीएम विंडो में शिकायत करके अतिक्रमण हटवाने को कहा। नगर परिषद द्वारा लगभग 18 लोगों को दो बार अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए लेकिन लोगों ने स्वयं चबूतरे और टिन शेड नहीं हटाए। मंगलवार को नगर परिषद ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ और पुलिस बल के साथ कार्रवाई की। दुकानों और मकानों के बाहर बने चबूतरों और टिन शेडों पर जेसीबी चलवाई गई।

### दुकानदारों ने किया कार्रवाई का विरोध

कई लोगों ने एक-दूसरे पर पहले कार्रवाई करने की मांग करते हुए चबूतरे तोडऩे का विरोध किया। पुलिस ने सख्ती करते हुए जेसीबी के आगे आने वाले दो-तीन लोगों को हटाया, जिसके बाद कार्रवाई की गई। लोगों ने मांग की कि पूरे गोहाना में समान कार्रवाई की जाए।

### डॉ. स्वाति शर्मा बनी आईडीए की प्रधान

**सोनीपत।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) के सभी सदस्य दंत चिकित्सकों की एक बैठक मुरथल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से 2024 के लिये डा. स्वाति शर्मा को एसोसिएशन का जिला प्रधान नियुक्त किया गया। इसके साथ ही डा. गजल हांडा को सचिव और डा. सविता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। डा. स्वाति शर्मा ने बताया कि 2024 में आईडीए इस बात पर ज्यादा काम करेगा कि कैसे गरीब लोगों तक ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं पहुंचाई जाए। मीटिंग में डा. सुभाष गहलावत, डा. वरुण शर्मा, डा. भूपेख मुखीजा, डा. शिखा, डा. गिरिश, डा. सुशील, डा. सुनील, डा. ज्योति, डा. अभिमन्यु, डा. बिंदिया, डा. राजन, डा. ज्योति गहलावत, डा. अम्बुज, आदि मौजूद रहे।



## तलवार-राड से हमला कर पेट्रोल पंप संचालक से एक लाख की नकदी लूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सेक्टर-14 व 15 सड़क मार्ग पर स्थित पेट्रोप पंप के संचालक पर नंदवानी नगर पुलिया पर जाते समय बदमाशों ने तलावार व रॉड से हमला कर एक लाख रुपये की राशि को लूट लिया। बदमाशों ने संचालक को मोटरसाइकिल से टक्कर मारकर पहले स्कूटी से गिरा दिया। उसके बाद वारदात को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है।

कृष्ण नगर काठमंडी निवासी आशीष जैन ने बताया कि उसके पिता पवन जैन सेक्टर-14, 15 सड़क मार्ग पर जैनसन्स के नाम से पेट्रौल पंप है। उसके पिता स्कूटी पर सवार होकर घर पर जा रहे थे। उन्होंने अपने बैग में एक लाख रुपये की राशि ले रखी थी। उसके पिता सिक्का कॉलोनी गंदे नाले से कुछ दूर नंदवानी नगर के पास पहुंचे। उसी दौरान मोटरसाइकिल पर आए तीन युवको ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसके चलते वह गिर गए। युवकों ने उसके पिता पर लोहे के सरिए व स्टील की तलावार से सिर पर हमला कर दिया। उन्हें घायल करके एक लाख रुपये की राशि से भरे बैग को लेकर फरार हो गए। राहगीरों की मदद से उनके पिता ने उन्हें सूचना दी। वह वारदात स्थल पर पहुंचे।

### बदमाशों का पता लगाने के लिए टीम गठित

दिन-दहाड़े शहर के बीच बदमाशों द्वारा संचालक को घायल करके एक लाख रुपये की राशि को लूट की वारदात से आमजन सख्ते में है। तेजधार हथियार से हमला करके घायल करने व उसके बाद वारदात को अंजाम देने से परिवार के सदस्य भी सदमें में है। पुलिस ने बदमाशों का पता लगाने के लिए सीआईए सहित छह टीमों का गठन किया है। जोकि मामले को लेकर जांच कर रहे है।

### सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही पुलिस

संचालक के बेटे के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द बदमाशों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

- **रविंद्र कुमार**, प्रभारी सिविल लाइन थाना।

**खबर संक्षेप**

### जाली आईडी बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सोशल मीडिया पर जाली आईडी बना कर अभद्र टिप्पणी के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया है। पीड़ित महिला ने 15 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अभिषेक कुमार ने सोशल मीडिया पर जाली आईडी बना कर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया था।

### सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी किरणपाल को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 16 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव टमनौली के पास आरोपी कार चालक ने उसके पति की बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में उसके पति तथा उसकी गर्भवती पुत्रवधु की मौत हो गई । इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बदमाशों ने बेहोश कर गाड़ी व नकदी लूटा

**घरौंडा।** कोहण्ड के निकट हाईवे पर भारत पट्रोल पंप के पास एक चालक को बेहोश कर चार युवकों ने उसकी गाड़ी, मोबाइल फोन व नकदी छीन कर फरार हो गए। मथुरा निवासी मिथुन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी गाड़ी भारत पट्रोल पंप के पास खड़ी थी। इसी दौरान चार युवको ने उन्हें बेहोश कर दिया ओर उनकी गाड़ी, लगभग 15 हजार की नगदी, एटीएम, तीन मोबाइल व अन्य सामान छीन कर ले गए।

### नकली शराब बेचने के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** कुछ रोज पहले मुलाना एरिया में पकड़ी शराब की अवैध फैक्टरी में तैयार होने वाली नकली शराब पर जाली रैपर लगाकर बेचने के मामले में आरोपी गौरव कुमार व निशांत को काबू किया है। अब पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना सदर अंबाला में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक को काबू किया है। अब उसे शामिल जांच कर रिहा कर दिया है। पीड़ति महिला ने 1 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 10 मार्च 2017 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति करते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।







# लोक कलाकारों के वाद्य यंत्रों की धुनों ने बदली फिजा

## ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर कहीं जंगम जोगी, कहीं नगाड़ा-बीन और कहीं सारंगी की धुन कानों में घोल रही रस

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर प्रदेश के कोने-कोने से लुप्त होने के कगार पर पहुंचे वाद्य यंत्रों की धुनों को सहजता से सुना जा सकता है। इस बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में लोक कलाकारों ने अपने वाद्य यंत्रों की धुनों से ब्रह्मसरोवर की फिजा को बदलने का काम किया है। इस सरोवर के पावन तट पर कहीं जंगम जोगी, कहीं नगाड़ा-बीन और कहीं सारंगी की धुनों को सुनकर पर्यटक मस्ती से झूम रहे हैं, तो कहीं रंग-बिरंगे, चमकते परिधानों में सजे कलाकारों संग फोटो लेने का क्रेज भी पर्यटकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में जहां प्रदेश के लोक कलाकार पर्यटकों को आनंदित कर रहे हैं, वहीं इस प्रकार के महोत्सव लुप्त हो रही कलाओं का संगम भी बना है। इन्हीं तमाम पहलुओं को लेकर ही सरकार के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की तरफ से जंगम जोगी के ग्रुप, डेरू पार्टी के ग्रुप, नगाड़ा पार्टी के ग्रुप, बीन पार्टी के ग्रुप बुलाए गये हैं।

■ हरियाणा पवेलियन में व्यंजनों के स्वाद के साथ संस्कृति के रंग

इन सभी ग्रुपों के करीब 250 लोक कलाकार महोत्सव में पहुंचे हैं। ये सभी कलाकार सरोवर के चारों तटों पर घूम-घूम कर पर्यटकों का मनोरंजन करने का काम कर रहे हैं।



## हरियाणा की छपाई कला देख हैरान हो रहे हरियाणा पैवेलियन में दर्शक



गीता महोत्सव में कुवि के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पैवेलियन हरियाणा में हरियाणा की छपाई कला को एक बार फिर पुर्नजीवित कर दर्शकों तक पहुंचाया जा रहा है। यहां पर रेज्जे एवं सूती कपड़ों पर लकड़ी के ब्लॉकों के साथ प्रत्यक्ष रूप से छपाई देखी जा सकती है। लाखन माजरा रोहतक से आई लोक कलाकार ममता हरियाणा की छपाई कला को दर्शकों से रूबरू कर रही है। हरियाणा पवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि लोकजीवन में वस्त्रों को रंगने वाले कारीगर को प्राय रंगरेज, रंगारा, लीलगर, नीलगर, छिप्पी, छिम्मी आदि की संज्ञा प्रदान की गई है। लोक में वस्त्रों को रंगने के प्रमाण ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में भी मिलते हैं। इतना ही नहीं, वेदों में ऋषि-मुनियों द्वारा श्वेत, काषाय, गेरुए आदि वस्त्रों के धारण करने के संदर्भ मिलते हैं। देहात में वस्त्रों को रंगने के व्यवसाय में लगे सिद्धहस्त कारीगरों को ही लीलगर, छिप्पी (छापने वाला) कहा जाता है। यह शब्द संस्कृत के रंजकार और फारसी के रंगरेज, दोनों को रंजक बनाए हुए हैं।

## मिठास के साथ रोजगार देने का काम करता है मीठा गन्ना




पुरुषोत्तमपुरा बाग में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा बनाए गए हरियाणा पैवेलियन में यूनिवर्सिटी सीनीयर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के छात्रों का शुगर मिल पर आधारित मीठा गन्ना का मॉडल सबके आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रोजगार देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा है। यह मॉडल सबको अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निर्देशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के दिशा निर्देश पर पहली बार स्कूल के बच्चों को इतने बड़े स्तर पर मंच प्रदान किया गया है ताकि स्कूल के बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। स्कूल के 11वीं कक्षा के छात्र विशाल, लक्षित सैनी, वीन व कृष्णा ने स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंद्र सिंह व शिक्षिका महिमा के मार्गदर्शन में मीठा गन्ना मॉडल तैयार किया है। इस मॉडल में बताया गया है कि किसानों को अधिक से अधिक से लाभ लेने के लिए गन्ने की खेती करनी चाहिए क्योंकि जब किसान गन्ने की खेती करेगा और सरकार के सहयोग से को-ओपरेटिव शुगर मिल लगाकर काम करेगा तो उसे दो गुना लाभ मिलेगा। क्योंकि कोऑपरेटिव शुगर मिल 50 प्रतिशत हिस्सेदारी किसानों की होती है। इस मॉडल के माध्यम से गन्ने का मिल में आने के बाद हर चीज प्रयोग में आती है। इससे चीनी, गुड़, खोई, बायोतेल तैयार होता है।

## जुलाहा की बुणाई कला को जीवित कर रहा हरियाणा पवेलियन



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पवेलियन हरियाणा की लोक संस्कृति के साथ-साथ हरियाणवी जुलाहा की बुणाई कला को जोड़ रहा है दर्शकों से। हरियाणा पैवेलियन में स्थापित जुलाहा जिसे करघा भी कहा जाता है दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। सैकड़ों वर्ष पुरानी लोक पारंपरिक विरासत को जुलाहे की खड्डी के माध्यम से ताणा बुनकर पवेलियन में खेस बुनते हुए प्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता है। हरियाणा पवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि लोकजीवन में ताण अथवा ताणे से वस्त्र बुनने वाले व्यक्ति को कोली, बलाई व जुलाहा कहा जाता है। । सामान्यतः हरियाणवी लोकजीवन में ताणे से सूत बुनने तथा इससे बुने हुए खेस, चद्दर, दोतई, लिहाफ, चौसी, ड्योटी तथा रेज्जा आदि बनाने वाले व्यक्ति को जुलाहे की संज्ञा दी गई है। उन्होंने कहा कि देहात में इन्हें कबीर पंथी भी कहते हैं। जुलाहा जिस स्थान पर काम करता है, उसे ठीहा, ठईया या कमठाणा कहते हैं। जुलाहा जहां पैर लटकाकर बैठता है, उसे साल कहा जाता है। जुलाहा सूत बुनने से पहले रूई से सूत कातकर तैयार करता है, उसके पश्चात वह उस सूत को खूंटियों के माध्यम से सुखाता है, जिसे ताणा लगाना कहते हैं। सूत बुनने से पहले सूत को सुखाया जाता है तथा सुहाले की सहायता से उसकी सफाई भी की जाती है।

## हरियाणा पवेलियन में व्यंजनों के स्वाद के साथ संस्कृति के रंग



पुरुषोत्तमपुरा बाग में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा बनाए गए हरियाणा पैवेलियन में हरियाणवी रसाई में चूरमा व गुड़ का हलवा सबकी मन पसंद बना हुआ है। हरियाणवी व्यंजनों के स्वाद ने हरियाणवी संस्कृति के रंग को और रंगीन बना दिया है। पवेलियन में आने वाले लोग हरियाणा की लोक संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के साथ-साथ हरियाणवी व्यंजनों का स्वाद भी चख रहे हैं। युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा पवेलियन में इस बार खास तौर पर हरियाणवी रसाई का निर्माण किया गया है, जिसमें खास तौर पर हरियाणा के परम्परागत लोकप्रिय व्यंजनों को रखा गया है ताकि यहां पर आने वाले लोग हरियाणा की लोक संस्कृति के बहुआयामी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के साथ-साथ हरियाणवी व्यंजनों का जायका भी ले सकें।

## सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक दे रहा विभिन्न स्कीमों की जानकारी



कुरुक्षेत्र। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक द्वारा किसानों व ग्रामीणों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है जिनका लाभ उठाकर किसान व ग्रामीण अपनी आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत कर सकते हैं। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के तट पर सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के अधिकारियों द्वारा 442 नंबर स्टॉल पर दी जा रही है। इस स्टॉल पर प्रबंधक सुशील कुमार व राममेहर द्वारा लोगों को सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की वित्तीय सेवाओं एवं ऋण संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक द्वारा किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना, एसएचजीबी कृषि तत्काल ऋण योजना, पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना, स्वयं सहायता समूह एवं संयुक्त दायित्व, समूह के अन्तर्गत ऋण योजना, पशुपालन, मुर्गी पालन इत्यादि ऋण योजना, कृषि यंत्रों के लिए ऋण योजना, कृषि भूमि खरीदने के लिए ऋण योजना, मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के अन्तर्गत ऋण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अन्तर्गत ऋण तथा प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत ऋण स्कीम चलाई जा रही है।

# 45 लाख की धोखाधड़ी करने वाले दो दबोचे

## मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलवाने के नाम पर 45 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

■ पुलिस ने अरोपियों को पूछताछ के लिए ,2 दिन के रिमांड पर लिए

■ दोनों आरोपी बच्चों का दाखिला उच्च शिक्षा के लिए अच्छे कॉलेज में कराने के लिए लोगों से पैसे ठगते थे

मोलाना मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलवाने के नाम पर 45 लाख रूपए की धोखाधड़ी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जन्हिं कोर्ट में पेश कर 2 दिन के रिमांड पर लिया गया। आर्थिक अपराध शाखा इंचार्ज एस.आई रोहित के नेतृत्व में टीम ने आरोपी अंशु छलोत्रा वासी सहारनपुर उत्तर प्रदेश और दीपक कुमार वासी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश को करनाल से गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता युद्धवीर सिंह वासी सी.एच.डी सिटी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी अंशु और दीपक ने उसकी लडक़ी का दाखिला मौलाना मेडिकल कॉलेज में एम.डी कोर्स में करवाने के लिए 45 लाख की धोखाधड़ी की है। शिकायतकर्ता युद्धवीर ने बताया की दोनों आरोपी बच्चों का दाखिला उच्च शिक्षा के लिए अच्छे कॉलेज में कराने के लिए लोगों से पैसे ठगते है।

### पुलिस करेगी पूछताछ

एस.आई हरभजन सिंह ने बताया कि आरोपी अंशु और दीपक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर 2 दिन का रिमांड हासिल किया है। दौराने रिमांड दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी और मुकदमे में बरामदगी की जाएगी।

# अवैध हथियारों के जखीरा के साथ तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ आरोपियों से 6 देसी पिस्तौल, 5 मैग्जीन व 4 जिंदा कारतूस बरामद

पानीपत पुलिस की एंटी व्हीकल थेप्ट की टीम ने थाना औद्योगिक सेक्टर 29 क्षेत्र में चौटाला रोड पर स्टेडियम के पास असला तस्कर सहित तीन आरोपियों को भारी मात्रा में अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों से 6 देसी पिस्तौल, 5 मैग्जीन व 4 जिंदा रौंद बरामद हुए। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि एंटी व्हीकल थेप्ट की टीम ने चौटाला रोड पर से नवाब पुत्र जाफर अली निवासी कदमगाची किशनगंज पश्चिम बंगाल हाल कृष्णा गार्डन पानीपत, बलवान पुत्र धर्मसिंह निवासी बालरागडान व अंकित पुत्र जोगिंद्र निवासी जैणी करनाल के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी नवाब के बैग से 4 देसी पिस्तौल, 3 मैग्जीन, 4 जिंदा रौंद व आरोपी अंकित की पेंट से 2 देसी पिस्तौल व आरोपी बलवान से 2 मैग्जीन बरामद हुई। बरामद सभी अवैध देसी पिस्तौल अनलोड मिले। आरोपी अवैध हथियार, कारतूस, मैग्जीन मध्य प्रदेश के धार जिला के एक गांव में युवक से 70 हजार में खरीदकर लाया था। सोमवार को आरोपी नवाब चौटाला रोड पर स्टेडियम के पास उक्त अवैध हथियार आरोपी बलवान व अंकित को बेचने के लिए आया था। आरोपी ने 32 बौर के दो देसी पिस्तौल आरोपी अंकित को 20 हजार में व दो मैग्जीन आरोपी बलवान को 2 हजार में उधार में बेची थी।

### पेशेवर अपराधी है नवाब

आरोपी नवाब के खिलाफ पानीपत में चोरी व हत्या की वारदातों के जिला के विभिन्न थाना में 7 अभियोग व करनाल में कारागार अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत 2 अभियोग दर्ज है। आरोपी इससे पहले वर्ष 2021 में करनाल में अवैध हथियारों सहित पकड़ा गया था। इसी प्रकार आरोपी बलवान के खिलाफ हत्या का एक अभियोग करनाल के सिविल लाइन थाना में दर्ज है।

**ठगी** | कबूतरबाज ने रुपये लेकर पीड़ित को थमाया फर्जी लेटर

# जज का रिश्तेदार बताकर उच्च न्यायालय में सरकारी क्लर्क लगवाने के नाम पर ठगे 10.68 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

उच्च न्यायालय के जज का रिश्तेदार बताकर सरकारी क्लर्क लगवाने के नाम पर मलिकपुर बांगर निवासी अजय कुमार से एक व्यक्ति ने दस लाख 68 हजार रुपये ठग लिए। आरोप पंचकूला की रथपुर कॉलोनी निवासी चैन सिंह पर लगा है। आरोप है कि आरोपी ने उसे फर्जी लेटर दिया।

नौकरी न लगने पर जब अजय ने आरोपी से रुपये वापस मांगे तो उसने देने से मना कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सात मई 2023 को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस अंबाला में पंचकूला की रथपुर कॉलोनी निवासी चैन सिंह के साथ मुलाकात हुई थी। आरोपी ने उसे कहा कि उच्च न्यायालय चंडीगढ़ में क्लर्क के पद पर सरकारी नौकरी निकली हुई है। उच्च न्यायालय के जज उसके रिश्तेदार हैं। एचसीएस से भी उसके संबंध है। आरोपी ने उसे आश्वस्त किया कि वह उसे सरकारी क्लर्क के पद पर लगवा देगा। इसके लिए उसने 20 लाख रुपये की मांग की। सरकारी नौकरी के चक्कर में वह आरोपी चैन सिंह की बातों में आ गया और उसने क्लर्क पद पर लगने के लिए हामी भर दी।

लेकिन उसे न तो नौकरी मिली और न ही उसके पैसे वापस मिले।

### कुछ रुपये नकद और कुछ आरटीजीएस व गूगल पे से लिए

इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग कर उससे दस लाख 68 हजार रुपये ले लिए। इनमें से कुछ रुपये उसने आरोपी को नकद और कुछ रुपये आरटीजीएस व गूगल पे के माध्यम से आरोपी के खाते में डलवाए। एक दिन आरोपी ने उसे मिलने के लिए कालका बुलवाया। वहां पर एक लेटर दिया। जिस पर फोटो व रोल नंबर भी था। आरोपी ने उससे एक कागज पर भी हस्ताक्षर कराए। आरोपी ने उससे असली दस्तावेज ले लिए और उसे कहा कि दो से तीन दिन में उसकी सिलेक्शन हो जाएगी। इसके बाद वह घर आ गया। जब उसने वह लेटर देखा तो उसे कुछ शक हुआ। उसने अपने स्तर पर इस लेटर के बारे में पता किया तो यह फर्जी निकला। उसने आरोपी से इस बारे में बात की और पंचायत हुई। जिसमें आरोपी ने गलती मानते हुए पूरे रुपये ब्याज सहित देने का वायदा किया। लेकिन फिर भी आरोपी ने उसके रुपये वापस नहीं किए। उसने परेशान होकर इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### हुड़दंगियों से सख्ती से निपटी पुलिस

**समालखा।** समालखा की अनाज मंडी में कॉलेज व स्कूलों के सामने दोपहिया वाहनों पर हुड़दंग बाजी करते घूम रहे बच्चों के व बिना लाइसेंस, बिना कागज व हेलमेट के लोगों के भी पुलिस के द्वारा चालान काटे गए। समालखा थाना प्रभारी फूल कुमार बताया पानीपत पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के आदेश अनुसार स्कूल व कॉलेजों के समाने जो मनचले बाइक लेकर हुड़दंग बाजी करते, बिना हेलमेट व बिना लाइसेंस घुम रहे हैं। पुलिस द्वारा उन लोगों के चालान किए गए हैं। थाना प्रभारी ने समालखा वासियों अपील करते हुए कहा कोई भी मां-बाप अपने 18 साल से कम उम्र के बच्चों को कोई भी वाहन ना दें। ऐसा होने पर न केवल वाहन को इमपाउंड किया जाएगा बल्कि मां-बाप के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाही की जाएगी।

# सड़क पार कर रहे व्यक्ति की कार की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ किया मामला दर्ज

शहर के मधु चौक के पास सड़क पार कर रहे व्यक्ति की कार की टक्कर लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामपुरा कॉलोनी निवासी अरुण कुमार ने बताया कि वह गगन स्पेयर पार्ट जगाधरी में नौकरी करता है। सोमवार को उसके पिता रमेश चंद घर से मधु चौक के पास बंधन बैंक में रुपये निकलवाने के लिए गए थे।

रेलवे रोड पर मधु चौक के नजदीक बूट बाजार के नजदीक जब उसके पिता सड़क पार करने लगे तो जगाधरी की तरफ से तेज गति से आई 20 कार आई। आरोप है कि चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए उसके पिता रमेश चंद को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसके पिता उछल कर उसकी कार के अगले शीशे पर लगे। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने आरोपी चालक की कार में ही उसके पिता को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसके पिता की गंभीर हालत देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। उन्होंने उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### शराब पी गालियां देने की शिकायत करने पर पीटा

**गोहाना।** सरगथल गांव में एक महिला ने युवकों द्वारा शराब पीकर गालियां देने की दूसरी महिला को शिकायत की। इसी को लेकर दो महिलाओं व एक व्यक्ति ने उसकी पिटाई कर दी। इसको लेकर महिला ने सदर थाना में शिकायत दी।

सरगथल गांव निवासी समीरा ने पुलिस को बताया कि उसके पड़ोस में अशोक का मकान है। आरोप है कि अशोक व उसके दोस्त अकसर रात के समय वहां शराब पीते हैं।

### ब्याज पर 100 फीसदी छूट 31 तक मिलेगी

**गन्नौर।** नगरपालिका के बकाया प्रोपर्टी टैक्स का एकमुश्त में भुगतान करने पर अब ब्याज पर 100 फीसदी छूट मिलेगी। शहर में बकायेदार लोगों को प्रोपर्टी टैक्स के ब्याज से राहत दिलाने के लिए सरकार की तरफ से 31 दिसंबर तक का समय निर्धारित किया गया है। सचिव पवित्र गुलिया ने बताया कि पालिका क्षेत्र में बकाया प्रापर्टी टैक्स के ब्याज पर 100 फीसदी छूट पाने के लिए 31 दिसंबर तक का समय निर्धारित किया गया है।

### बेरोजगार अपराध के दलदल में फंस रहे

**गोहाना।** बरोदा हलके के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने मंगलवार को राज्य विधानसभा के ताजा सत्र में पदक विजेता बेटियों की आवाज उठाई। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि बेरोजगारी से परेशान युवा अपराध और नशे के दलदल में धंस रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या गारंटी है कि मनोहर सरकार बचे वक्त में 60 हजार नौकरियां देने का ताजा वायदा पूरा कर ही पाएगी।

### पूर्व प्रधान की दादी के निधन पर जताया शोक

**गन्नौर।** लायन्स क्लब के पूर्व प्रधान विपिन त्यागी व एडवोकेट अक्ष्य त्यागी की दादी के निधन पर शहर के गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए भगवान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। विपिन त्यागी ने बताया कि उनकी श्रद्धांजलि सभा 31 को राम मन्दिर बादशाही रोड के परिसर में होगी। उनके निधन पर नपा के चेयरमैन अरूण त्यागी, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा आदि ने प्रार्थना की।

### सांस्कृतिक उत्सव में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**खरखौदा।** हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल खरखौदा में सांस्कृतिक उत्सव मनाया गया। चेयरमैन अनीश दहिया व प्रधानाचार्य सुमित ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद सरस्वती वंदना, राम वनवास, सांस्कृतिक नृत्य विभिन्न प्रकार के नृत्य नन्हे मुन्ने ने प्रस्तुत किए ।

### 40 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया

**गोहाना।** कुछ लोगों ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की अनुमति से अनधिकृत कालोनी बनाई। यहां पर कच्ची सडक बनाकर प्लाटिंग की । कई लोगों ने प्लाट खरीदकर नींव भरवाकर चारदीवारी भी कर दी थी। जिला नगर योजनाकार की टीम ने अनधिकृत कालोनियों में कार्रवाई करने के बाद कालोनी बनाने और प्लाट खरीदने वाले 40 के विरुद्ध मामला दर्ज कराया।

## सीएम बोले-सोनीपत में अभी मेट्रो के विस्तार की कोई योजना नहीं

# विधायक ने मेट्रो विस्तार सहित विभिन्न मुद्दे उठाए

### मास्टर सड़कों की आपस में कनेक्टिविटी की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक सुरेंद्र पंवार ने हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सोनीपत में मेट्रो ट्रेन का विस्तार, अवैध कालोनियों को वैध करना, शहर में एचएसवीपी की मास्टर सड़कों को आपस में जोड़ना व बनाना, इंतकाल, प्रोपर्टी आईडी व फैमिली आईडी में सुधार न होना, सिविल अस्पताल में सुविधाएं देना, सब्जी मंडी में आढ़तियों पर लागू की गई लम-सम फीस को वापिस लेने सहित अन्य मांगों को उठाया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि सोनीपत में मेट्रो ट्रेन का विस्तार कब तक हो जाएगा। इस पर मुख्यमंत्री की तरफ से जवाब आया कि सोनीपत में अभी मेट्रो के विस्तार की कोई योजना नहीं है। इस पर विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने लोगों को मेट्रो में बैठाने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज करीब 5 साल पूरे होने को है, सोनीपत में मेट्रो ट्रेन के विस्तार की कोई योजना न होने का जवाब सदन में देना बडा. हैरान कर देने वाला है। उन्होंने बताया कि डीएमआरसी की तरफ से रिठाला-नरेला से कुंडली नाथूपुर तक मेट्रो कॉरिडोर के विस्तार के बारे में जानकारी दी गई थी। यदि उन्हें मंजूरी मिल जाती है तो येलो लाइन (गुरुग्राम), वॉयलेट लाइन (फरीदाबाद) और ग्रीन लाइन (बहादुरगढ़) के बाद यह दिल्ली मेट्रो का हरियाणा में चौथा विस्तार होगा। यह विस्तार दिल्ली के माध्यम से न सिर्फ हरियाणा बल्कि उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला दिल्ली मेट्रो का पहला कॉरिडोर हो सकता है। रिठाला से नाथूपुर तक कॉरिडोर 27.319 किलोमीटर लम्बा होगा। उन्होंने कहा कि जब डीएमआरसी सोनीपत के नाथूपुर तक ट्रेन चलाने का प्रस्ताव व सर्वे करवा सकती है तो प्रदेश सरकार इस दिशा में क्यों नहीं ठोस कदम उठा सकती। उन्होने कहा कि इस मुद्दें को वह लगातार चार वर्षों से उठा रहे है, लेकिन अभी तक कालोनियों को वैध नहीं किया गया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर-8,9, 10,18,19 सहित अन्य सेक्टर्स की मास्टर सड़कों की आपस में कनेक्टिविटी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि शहर की ऐसी कॉलोनियां जहां इंतकाल नहीं किया जा रहा, वहां इंतकाल दर्ज करवाने की मांग उठाई।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने सत्र के दौरान शहर के नागरिक अस्पताल में निःशुल्क अल्ट्रासाऊंड की सुविधा, कैथ लैब बनाने, न्योलोजिस्ट व कार्डियोलोजिस्ट नियुक्त करने, कैंसर जांच केंद्र बनाने की मांग की है।



**सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार विधानसभा में बोलते हुए। फोटो :हरिभूमि

# नेशनल प्रतियोगिता में खेलेगा साहिल

- खिलाड़ी व कोच को ग्रामीणों ने आशीर्वाद देकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



साहिल अंडर 17 नेशनल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रवाना होते हुए।

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा स्कूल खेल प्रतियोगिता में चयनित अंडर 17 फुटबाल प्रतियोगिता में हरियाणा की नेशनल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए मंगलवार की शाम को रवाना हुई। गांव राजलू गढ़ी से अंडर 17 में राजलू गढ़ी गांव का खिलाड़ी साहिल को गांव के रेलवे स्टेशन से अंडमान निकोबाद के लिए रवाना करते हुए खेल प्रेमियों व फुटबाल कोच मंजीत राठी, साहिल के दादा त्रिलोक चंद शर्मा, करतार राठी, राजसिंह चौपड़ा, सुरेन्द्र राठी, रमेश आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खिलाड़ी साहिल ने बताया कि शिक्षा विभाग की ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता से प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के कारण उनका चयन हरियाणा की टीम में नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। स्टेट प्रतियोगिता पानीपत में हुई थी, जहां उनका टीम में चयन हुआ। साहिल ने बताया कि इससे पहले भी वह अन्य प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुका है। अंडामन निकोबार की राजधानी पोर्ट ब्लेयर में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम में नेशनल प्रतियोगिता 27 से 5 जनवरी तक होगी।



**खरखौदा।** बनाए गए मॉडलों का अवलोकन करते अभिभावक व शिक्षक।

### चंद्रयान मॉडल बनाने वाली छात्रा साक्षी व नैना प्रथम

**खरखौदा।** मंगलवार को खरखौदा के रामचौक स्थित स्वतंत्र मिडिल स्कूल में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के छात्रों ने अलग-अलग तरह के मॉडल बनाकर अपनी प्रस्तुति दी। कुछ बच्चों ने साइंस एवं टेक्नोलॉजी के आधार पर, चंद्रनयान मॉडल, रोबोट, पवन चक्की, कूलर पंखे सहित विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाएं। इसके अलावा कई बच्चों ने आधुनिक पार्क, पर्यावरण स्वच्छता का संदेश देते हुए ग्रीन पार्क, फोरलेन एक्सप्रेस वे पर होने वाली सुविधाओं का जिक्र करते हुए एक्सप्रेसवे मॉडल बनाए। कई बच्चों ने झूले, आधुनिक इमारतें सहित कई मॉडल बनाकर अपनी प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ के साथ-साथ छात्रों के अभिभावक भी साइंस एग्जीबिशन में शामिल हुए। चंद्रयान मॉडल बनाने वाली छात्रा साक्षी व नैना को प्रथम घोषित किया गया, जबकि आधुनिक पार्क बनाने वाले वंश को द्वितीय स्थान व विहान को तीसरा स्थान मिला । इसके अलावा धीरज, मानवी, हरप्रीत, तनिषा, वंश, तरुण व अंश ने बेहतर मॉडल बनाकर अपनी प्रस्तुति दी।

### खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास : बबीता



**सोनीपत।** मदर मुस्कान स्कूल सोनीपत में वार्षिक खेल उत्सव मनाया गया। नर्सरी क्लास से लेकर पांचवी क्लास तक सभी बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। स्पोर्ट्स डे पर बच्चों ने वन लेग रेस, बढ़ा रेस, स्किपिंग करते हुए दौड़ में हिस्सा लिया। जीतने वाले सभी जीतने वाले बच्चों को गोल्ड, सिल्वर, एवं ब्रॉंज मैडल से सम्मानित किया गया। स्कूल चेयरपर्सन बबीता कौशिक ने बताया कि खेलों से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है।

# 400 मीटर दौड़ में उषा अव्वल

- गांव आहुलाना में महिलाओं के लिए खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** मटका दौड़ में भाग लेते महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार को गांव आहुलाना में खंड गोहाना की महिलाओं के लिए खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई। खेलों में 100 मीटर की दौड़ में पूजा और 400 मीटर की दौड़ में उषा प्रथम स्थान पर रही। एसडीएम वशिष्ठ और ओलिंपियन पहलवान योगेश्वर दत्त ने महिलाओं को प्रोत्साहित किया। एसडीएम आशीष के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांव आहुलाना में खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई। इन खेलों में 30 वर्ष से अधिक की महिलाओं के लिए 100 मीटर की दौड़ में पूजा पहले, सोनिया दूसरे व प्रेमो देवी तीसरे, चम्मच में आलू रखकर दौड़ में मिंटो पहले, निशा दूसरे व उषा तीसरे, मटका दौड़ में कविता को पहला, निशा को दूसरा व उषा को तीसरा स्थान मिला। 17 से 30 वर्ष की महिलाओं के लिए 400 मीटर की दौड़ में उषा प्रथम, रेनू द्वितीय व आशु तृतीय, 300 मीटर की दौड़ में पूजा पहले, कोमल दूसरे व नेहा तीसरे और 5 किलोमीटर की साइकिल दौड़ में मुस्कान पहले, निशा दूसरे व रितू तीसरे स्थान पर रही। अध्यक्षता सुशीला देवी ने की। कथूरा खंड की सीडीपीओ निर्मला, बीडीपीओ अंकुर, ब्लाक समिति कथूरा की अध्यक्ष साक्षी मलिक, लेखाकार प्रवीण मोर मौजूद रहे।

### जनसेवा के लिए आगे आ सहयोग देने की अपील

**सोनीपत।** उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने बड़ी औद्योगिक इकाइयों का संचालन कर रहे उद्योगपतियों से सीएसआर के तहत स्वेच्छा से जनसेवा के लिए आगे आकर सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनसेवा के लिए विस्तृत क्षेत्र है तथा कुछ कार्य निर्धारित भी किये गये हैं। उद्योगपति अपनी रूचि अनुसार स्वयं कोई भी क्षेत्र चुनकर जनसेवा में योगदान दे सकते हैं। लघु सचिवालय में उपायुक्त डा. मनोज कुमार की अध्यक्षता में सीएसआर की बैठक संपन्न हुई, जिसमें संबंधित अधिकारियों के साथ जिला के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों की एसोसिएशनों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। उपायुक्त ने कहा कि स्किल डेवल्पमेंट, ग्रामीण खेल, महिला सशक्तिकरण, स्वयं सहायता समूह, आंगनवाड़ी बाल वाटिका, स्लम डेवल्पमेंट, स्वास्थ्य, कला, शिक्षा, स्टार्टअप, पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन आदि क्षेत्रों में सीएसआर के अंतर्गत सहयोग प्रदान किया जा सकता है। सीएसआर आग्रह की विषय वस्तु है, जिसमें प्रशासन की ओर से मांग की जाती है।

# समय गंवाना चूक से कम नहीं: आंतिल

- सिविल जज बन कर किशोरा गांव पहुंची हिमानी का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



**राई।** जयभगवान आंतिल सिविल जज चयनित हिमानी देशवाल का स्वागत करते

जीवन में अगर कुछ कर गुजरने की तमन्ना है तो उसे पूरी लग्न व परिश्रम से करना चाहिए। लोग क्या कहेंगे, इस बारे में सोच कर समय व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए क्योंकि लोग तब भी चर्चा करते हैं, जब आदमी कुछ नहीं करता है। उक्त बातें मंगलवार को किशोरा गांव में सिविल जज के पद पर चयनित होकर पहुंची हिमानी देशवाल के सम्मान समारोह में आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कही है। जयभगवान आंतिल ने 11 हजार रुपये देकर हिमानी देशवाल को सम्मानित करते हुए कहा कि आजकल दुनिया वंश परंपरा से नहीं, बल्कि योग्यता के दम पर चलती हैं। असफलता से सीख लेकर निरंतर सफलता का प्रयास करते रहना चाहिए। समय गंवाना किसी चूक से कम नहीं है। यह भी सच है कि विद्यार्थी जीवन में मेहनत से अर्जित की गई शिक्षा कभी बेकार नहीं जाती है। यह सच करके बेटी हिमानी देशवाल ने साबित कर दिया है। आंतिल ने कहा कि क्षेत्र की बेटियों को हिमानी देशवाल से प्रेरणा लेकर बच्चे मेहनत करें और लगन के साथ शिक्षा अर्जित करें। अवसर पर उनके साथ रामधन, सतबीर, लक्ष्मीनारायण, बलबीर, महावीर, जगबीर व धर्मसिंह आदि मौजूद रहे।

# भाषण प्रतियोगिता में भूमिका ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा




**खरखौदा।** विजेता विद्यार्थियों का स्वागत करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

खांडा मार्ग स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने गीता जयंती महोत्सव के अंतर्गत हुई प्रतियोगिता में पहले खंड स्तर पर विजय हासिल की। फिर जिला स्तर पर हुई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कक्षा छठी से आठवीं में भूमिका ने भाषण प्रतियोगिता में तथा दक्ष पवार ने श्लोकोच्चारण में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संवाद में सांची व संचिता को सांत्वना पुरस्कार मिला। वहीं नौवीं से बारहवीं में अनुष्का ने भाषण में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र में आयोजित की जाएगी। इधर 18 दिसंबर को खंड स्तर पर कला उत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जो कि राजकीय कन्या वमावि फरमाणा में किया। जिसमें विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। शास्त्रीय नृत्य में हिमांशु ने प्रथम तथा अंतिमा व मोहित ने संगीत वादन में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# दिव्यांग बच्चों को आगे बढ़ने का दिया जाए अवसर : देवेंद्र

- अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर 20 दिव्यांगों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



देवेंद्र कादियान को स्मृति चिन्ह देते हुए होली फैमिली आश्रम पदाधिकारीगण।

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को गांव बड़ौत स्थित होली फैमिली आश्रम में दिव्यांग कल्याण एकता सोसायटी के तत्वाधान में दिव्यांग जन प्रोत्साहन-सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रगति समाज सेवा सोसायटी करनाल का समारोह में सहयोग रहा। बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत नृत्य, गायन, रेस व स्माइल कम्पीटिशन कराया गया, जिसमें दिव्यांगजनों ने उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर तालियां बटोरी। मुख्यातिथि कादियान ने विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ ही 20 दिव्यांगों को सम्मानित किया। कादियान ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ कर मिसाल कायम करनी है। दिव्यांग बच्चों के अंदर भी उनकी अपनी प्रतिभा छिपी होती है। अगर इन बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर दिया तो ये अपने माता-पिता का नाम रोशन कर सकते है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि संदीप बत्रा ने यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और शपथ दिलाई। शिक्षिका अनुराधा गौतम, राजपाल छिक्कारा, हर्ष दीवान, मेहर सिंह मौजूद रहे।




नालंदा स्कूल के विजेता बच्चे प्राचार्य वीरेंद्र मलिक के साथ। फोटो : हरिभूमि

# रोलर स्केटिंग में नालंदा स्कूल ओवरऑल विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-जींद मार्ग पर स्थित नालंदा इंटरनेशनल स्कूल में इंटर स्कूल रोलर स्केटिंग और बॉक्सिंग की प्रतियोगिताएं हुईं। इस चैम्पियनशिप में रोलर स्केटिंग का ओवरऑल विजेता मेजबान स्कूल बना। वहीं बॉक्सिंग की जीत का सेहरा जय बालाजी स्पोर्ट्स अकादमी के सिर बंधा। रोलर स्केटिंग में 400 और बॉक्सिंग में 150 बच्चों ने भाग लिया। रोलर स्केटिंग में द्वितीय स्थान पर निजामपुर स्थित ज्ञानदीप स्कूल तथा तृतीय स्थान पर गोहाना का बालभारती विद्यापीठ स्कूल रहा। बॉक्सिंग में रोहतक की आर्यन बॉक्सिंग अकादमी द्वितीय रही।

## योजनाओं का लाभ पाकर खुश नजर आ रहे लाभार्थी

# खुशहाली की वाहक बनी यात्रा: आशीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** लोगों को विकसित भारत निर्माण का संकल्प दिलाते एसडीएम आशीष वशिष्ठ, पहलवान योगेश्वर दत्त व उनके साथ हैं विभिन्न विभागों के अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वैन भारत को आत्मनिर्भर व विकसित बनाने के संकल्प के साथ गांव-गांव जाकर केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को उनके घर के द्वार पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान कर रही है। इसी कड़ी में एसडीएम आशीष वशिष्ठ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव आहुलाना में जनसंवाद कार्यक्रम का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ किया। एसडीएम ने कहा कि विकसित भारत यात्रा लोगों के लिए सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली की वाहक बन गई है। इस यात्रा के तहत विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी व स्टाल लगाकर लोगों को उनके घर के द्वार पर ही योजनाओं की जानकारी व लाभ दिया जा रहा है। लाभार्थी एक ही स्थान पर अपनी समस्याओं के समाधान व योजनाओं का लाभ मिलने से बहुत खुश हैं। यात्रा के तहत ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त ने गांव भंडेरी में बतौर मुख्यातिथि जन संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि लोक कल्याण के लिए योजनाएं संचालित करना भर पर्याप्त नहीं होता बल्कि आवश्यक है कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को समय पर आसानी से मिले। लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है।

**विज्ञापन**

**बा अदालत जनाब सहायक कलैक्टर प्रथम/द्वितीय श्रेणी गन्नौर।**

**केस नम्बर-09/Teh, तिथी दायरा-21.11.2023, तिथी पेशी-27.12.2023, किस्म मुकदमा-दुरूस्ती गिरदावरी, मौजा-पांची गुजरान**

अशोक कुमार पुत्र सिंघराम पुत्र बुधराम निवासी ग्राम पांची गुजरान तहसील गन्नौर जिला सोनीपत।

-------फरीक अव्वल

**बनाम**

तुलसीदास पुत्र नोतनदास पुत्र ज्ञानचन्द निवासी गांव पांची गुजरान तह. गन्नौर जिला सोनीपत।

-------फरोक दोयम

**दरखास्त दुरूस्ती गिरदावरी खेवट नं. 143//142 खाता नं. 155 कुल तादादी 19 कनाल 10 मरले वाका मौजा पांची गुजरान तह. गन्नौर जिला सोनीपत।**

उक्त दरखास्त मेरे न्यायालय में विचाराधीन है व तिथि पेशी 27.12.2023 के लिये निश्चित है। अतः इस विज्ञापन The Pioneer Newspaper अंग्रेजी व दैनिक हरिभूमि हिन्दी द्वारा पक्ष दोयम को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.12.2023 को असालतन या वकालतन मेरे न्यायालय में उपरोक्त केस की पेरवी हेतू हाजिर आवे। हाजिर ना आने की सूरत में कार्यवाही एकतरफा अमल में लाई जावेगी।

आज दिनांक 06.12.2023 को मेरे न्यायालय की मोहर एवं हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/-**
**सहायक कलैक्टर प्रथम/द्वितीय श्रेणी गन्नौर। 06.12.2023**

**विज्ञापन**

**बा अदालत जनाब सहायक कलैक्टर प्रथम/द्वितीय श्रेणी गन्नौर।**

**केस नम्बर-09/Teh, तिथी दायरा-21.11.2023, तिथी पेशी-27.12.2023, किस्म मुकदमा-दुरूस्ती गिरदावरी, मौजा-पांची गुजरान**

अशोक कुमार पुत्र सिंघराम पुत्र बुधराम निवासी ग्राम पांची गुजरान तहसील गन्नौर जिला सोनीपत।

-------फरीक अव्वल

**बनाम**

औमप्रकाश पुत्र शीतलदास पुत्र बिहारीराम निवासी गांव पांची गुजरान तह. गन्नौर जिला सोनीपत।

-------फरोक दोयम

**दरखास्त दुरूस्ती गिरदावरी खेवट नं. 199//195 खाता नं. 217 कुल तादादी 03 कनाल 12 मरले वाका मौजा पांची गुजरान तह. गन्नौर जिला सोनीपत।**

उक्त दरखास्त मेरे न्यायालय में विचाराधीन है व तिथि पेशी 27.12.2023 के लिये निश्चित है। अतः इस विज्ञापन The Pioneer Newspaper अंग्रेजी व दैनिक हरिभूमि हिन्दी द्वारा पक्ष दोयम को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.12.2023 को असालतन या वकालतन मेरे न्यायालय में उपरोक्त केस की पेरवी हेतू हाजिर आवे। हाजिर ना आने की सूरत में कार्यवाही एकतरफा अमल में लाई जावेगी।

आज दिनांक 06.12.2023 को मेरे न्यायालय की मोहर एवं हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया ।

**हस्ता/-**
**सहायक कलैक्टर प्रथम/द्वितीय श्रेणी गन्नौर। 06.12.2023**

## खबर संक्षेप



### जारी रहा बीपीएल परिवारों का धरना

**सोनीपत।** लघु सचिवालय के सामने जुआ गांव के बीपीएल परिवारों का धरना जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि प्रशासन जल्द से जल्द बीपीएल परिवारों की मांगों को पूरा करें। ये परिवार लगातार 14 वर्षों से अपना हक पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आज गांव में काफी परिवार के पास रहने के लिए जगह नहीं है।

### काकोरी एक्शन के शहीदों को किया नमन

**गोहाना।** काकोरी एक्शन के चारों शहीदों को अलग-अलग शहरों में फांसी पर लटकाया गया था। यह खुलासा आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने किया। उन्होंने पुराने बस स्टैंड पर स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को नमन किया। गुलाब खां ने की तथा कार्यक्रम का मार्गदर्शन मोर्चे के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने किया।

### छीनाझपटी व मारपीट के दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने छीनाझपटी व मारपीट करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आगाज इमरान निवासी मेरठ यूपी व तैयब निवासी हापुड़ निवासी उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपितों को अदातल में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल चार आरोपितों को पहले काबू किया।

### किसान के खेत से सिंचाई यंत्र चोरी

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव रोहट में किसान के खेत से दो सिंचाई यंत्रों के चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। गांव रोहट निवासी उपकार ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। उसने अपने खेत में सिंचाई के लिए खेत में सिंचाई यंत्र ईंजन लगा रखे है। गत 18 दिसंबर को वह खेत में गया तो खेत से ईंजन गायब मिले।

## चिकित्सकों की सरकार को चेतावनी

# 27 को ओपीडी बंद किया विरोध प्रदर्शन

### 29 से एमरजेंसी व पोस्टमार्टम भी करेंगे बंद, मांगें नहीं मानने से खफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** काले बिल्ले लगाकर रोष-प्रकट करते हुए चिकित्सक।

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर जिला नागरिक अस्पताल, सीएचसी व पीचएचसी में चिकित्सकों ने कलम छोड़ मंगवार को काले बिल्ले लगाकर रोष-प्रदर्शन किया। चिकित्सकों ने सरकार पर मनमान व हठधर्मिता करने का आरोप लगाया है। चिकित्सकों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं करती है, तो चिकित्सक आगामी 27 दिसंबर को ओपीडी सेवाएं पूर्णत्य बंद रखेगें। वहीं 29 दिसंबर से आपातकालीन सेवाएं के साथ-साथ पोस्टमार्टम सेवाएं भी बंद करेगें।

जिला प्रधान डा. राहुल आंतिल व जिला प्रवक्ता डा. प्यारेलाल मलिक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञों के लिए अलग से कैडर बनाने की मांग की जा रही है। इसको सीएम की घोषणा में शामिल किया गया था। दो साल बीत जाने के बाद भी कुछ नहीं हुआ। एसोसिएशन की ओर से स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज को भी लिखित में दिया गया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। जिसकी वजह से चिकित्सकों की मांगें लंबित हैं। सर्विस में चिकित्सकों को जिस वक्त पीजी करने जाना होता है, तो एक-एक करोड़ रुपये के दो बांड भरने पड़ते है। एसोसिएशन की मांग है कि पुरानी पॉलिसी को लागू कर दिया जाए। पहले यह राशि 50 लाख थी, लेकिन सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिसकी वजह से चिकित्सकों ने गत 9 दिसंब को दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल कर सरकार को चेताया था, लेकिन सरकार की तरफ से कोई कदम नहीं उठाया गया। डा. प्यारे ने बताया कि मंगलवार से जिले के करीब 130 चिकित्सकों ने काले बिल्ले लगाकर सरकार के खिलाफ रोष-प्रकट किया है। वहीं उन्होने बताया कि अगर सरकार उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं करती है, तो आगामी 27 दिसंबर को ओपीडी सेवाओं को बंद कर दिया जायेगा। वहीं आगामी 29 दिसंबर से जिले में आपातकालीन सेवाएं व पोस्टमार्टम सेवाएं बंद कर दी जायेगी। सरकार जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है, तो चिकित्सक हड़ताल पर चले जाएंगे।

# रंजिश में गला रेतकर बेरहमी से हत्या

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल के शवगृह में रखवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** मृतका का फाइल फोटो व शव को शवगृह में रखने जाते हुए परिजन

मुरथल थाना क्षेत्र के गांव ग्यासपुर में मामूली कहासुनी की रंजिश के चलते महिला की बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच पुलिस व एफएसएल की टीम ने वारदात स्थल से नमूने एकत्रित करके शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जायेगा। पुलिस ने परिजनों के बयान पर दो आरोपितों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। वारदात के बाद से आरोपित भूमिगत है। पुलिस टीमें उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास कर रही है।

गांव उमेदगढ़ निवासी शाहरूख ने बताया कि उसकी बहन गुलस्तिा (22) की शादी रखसेड़ा गांव में हुई थी। हाल में वह ग्यासपुर गांव में किराए के मकान पर रहती थी। उसी बहन व जीजा कंपनी में काम करते थे। उनकी करीब सात माह पहले दो युवकों के साथ झगड़ा हो गया था। जिसको लेकर उसकी बहन व जीजा की तरफ से आरोपितों के खिलाफ शिकायत दी थी। जिसकी दोनों रंजिश रखे हुए थे। उसे आज सूचना मिली कि उसकी बहन की हत्या कर दी है। वह मौके पर पहुंचे। जहां देखा कि उसकी बहन की तेजधार हथियार से गर्दन अलग कर रखी है। उसके शव को जानवरों ने खाया हुआ है।

### जानवरों ने नोंची धड़

गांव ग्यासपुर में अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच में पाया कि महिला का ऊपरी धड़ जानवरों ने खाया हुआ था। शिनाख्त में उमेदगढ़ निवासी गुलस्तिा के रूप में हुई है। जोकि गांव ग्यासपुर में किराए के मकान में रहती थी। इस संबंध में दो व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पहले महिला के साथ झगड़ा हुआ था। हाल में अपने पति से अलग रह रही थी। छोटी-छोटी बातों को लेकर उसका झगड़ा चल रहा था। दो के खिलाफ शिकायत मिली है। सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाया जायेगा।

### पत्नी पर तानी पिस्टल पुलिस ने दर्ज किया केस

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र की भगत सिंह कॉलोनी में महिला ने अपने पति पर हत्या प्रयास व मारपीट करने के आरोप की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। भगतसिंह कॉलोनी निवासी श्वेता ने बताया कि उसने वर्ष 2020 में अजय कुमार निवासी गांव कंवाली के साथ लवमैरिज की थी। अजय गांव के मंदिर में भगताई का काम करता है। उसने अजय को यह काम छोड़कर दूसरा काम करने के लिए कहा तो उसने झगड़ा करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने बताया कि शादी के बाद उसने बेटी को जन्म दिया।

# रात को सचिवालय के पास ठहराव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- लघु सचिवालय की 75 मीटर की परिधि में दोनों ओर तीव्र आवाज वाले लाउडस्पीकर के प्रयोग को भी किया प्रतिबंधित
- सरकारी कार्यालयों व कोर्ट परिसर की सुरक्षा व कामकाज को प्रभावित होने से रोकने के लिए किये उक्त आदेश जारी

जिलाधीश डॉ. मनोज कुमार ने भारतीय दंड प्रक्रिया नियमावली, 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आमजन की सुविधाओं तथा कानून-व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए लघु सचिवालय(प्रशासनिक खण्ड) सोनीपत के दोनों तरफ 75 मीटर के दायरे में एवं इसके आस-पास के क्षेत्र में तीव्र आवाज वाले लाउडस्पीकर के प्रयोग को प्रतिबंधित किया है। साथ ही उन्होंने कशांतिपूर्वक धरना-प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थल पर कडकड़ाती ठंड में रात्रि के समय किसी भी व्यक्ति के वहां ठहराव पर प्रतिबंध लगाया है।

जिलाधीश ने अपने आदेशों में कहा कि प्रायः यह देखने में आया है कि लघु सचिवालय (प्रशासनिक खंड) सोनीपत के परिसर में आए दिन अलग-अलग समूहों, समुदाय, संगठन, समिति, एसोसिएशन, कर्मचारियों तथा व्यक्ति विशेष के द्वारा ज्ञापन/मांगों के संबंध में धरना प्रदर्शन किया जाता है। उन्होंने कहा कि धरना प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा उच्च ध्वनी संयंत्रों (लाउड स्पीकर) का प्रयोग किया जाता है, जिससे अपने कार्यों के संबंध में न्यायिक परिसर तथा लघु सचिवालय में स्थित कार्यालयों में आने वाले आमजन को व सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि आमजन की सुविधाओं व सरकारी कार्यों में हो रही असुविधा के दृष्टिगत धरना-प्रदर्शन करने वाले प्रदर्शनकारियों द्वारा प्रयोग में लाए जाने वाले उच्च ध्वनि संयंत्रों पर तथा रात्रि के समय असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंध लगाना अनिवार्य है। जिलाधीश ने कहा कि शांतिपूर्ण धरनों के लिए निर्धारित जगह पर रात्रि के समय भी कुछ लोग मौजूद रहते हैं।

### बीएड प्रथम वर्ष की दीक्षा बनी मिस फ्रेशर




**सोनीपत।** जीवीएम कालेज ऑफ एजुकेशन में आयोजित फ्रेशर पार्टी के तहत हुई रैंपवॉक स्पर्धा में बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा दीक्षा को मिस-फ्रेशर के खिताब से सम्मानित किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मीनू अग्रवाल ने विजेताओं को बधाई देते हुए प्रथम वर्ष की छात्राओं का कालेज में विशेष रूप से अभिनंदन किया। जीवीएम कालेज ऑफ एजुकेशन की फ्रेशर पार्टी का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। कालेज की प्राचार्या डा. मीनू अग्रवाल ने अतिथिं के साथ छात्राओं का स्वागत किया। विभिन्न चरणों में आयोजित स्पर्धा के अंत में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को अलग-अलग शीर्षकों से नवाजा गया। एकरूप को मिस-पर्सनेलिटी तथा मिताली को मिस-टैलेंटिड और सेजल को मिस-ग्रेसफुल के खिताब से सुशोभित किया गया।

# पूर्व मंत्री ने दिलाई लोगों को शपथ

- गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** उज्जवला योजना के तहत गैस चुल्हे देते हुए पूर्व मंत्री कविता जैन।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विडियो वैन मंगलवार को सुबह गांव महलाना और दोपहर बाद गांव खिजरपुर जटमाजरा पहुंची, जहां गांव के लोगों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। पूर्व मंत्री कविता जैन ने बतौर मुख्यातिथि यात्रा के तहत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं को लेकर लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया।

पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा उपस्थित जनसमूह को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने की शपथ दिलवाते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए हर व्यक्ति के सहयोग की जरूरत है। पूर्व मंत्री कविता जैन ने मौके पर ही उज्जवला योजना के तहत गांवों की महिलाओं को मुफ्त में उज्जवला योजना के तहत गैस चुल्हे व सिलेण्डर वितरित किए। इस मौके पर जिला परिषद की वाईस चेयरपर्सन कल्पना डागर, बीडीपीओ उत्तम, मोहित गर्ग, गांव महलाना की सरपंच मोनिका, गांव खिजरपुर जटमाजरा के सरपंच सतनारायण तथा प्रिंसिपल नीलम सहित अनेक विभागों के अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# वीडियो बनाकर फंदे पर लटका पशु चारा विक्रेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- पांच लोगों पर लगाया आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में पशु आहार विक्रेता ने वीडियो बनाकर पांच लोगों पर आत्महत्या को विवश करने का आरोप लगा फंदा लगाकर जान दे दी। विक्रेता के बेटे ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। आरोप है कि पांच लोग उनके पिता को पैसों के लेनदेन में प्रताड़ित कर रहे थे। उन्हें जातिसूचक शब्द भी कहे जाते थे। साथ ही आरोपित उनकी पशु आहार काटने की मशीन उठा ले गए थे और बेच दिया था। आरोप है कि उनका घर भी अपने नाम करा लिया था। अब उन पर घर खाली करने का दबाव बनाया जा रहा था। पुलिस ने मृतक के बेटे के बयान पर आत्महत्या को विवश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में पांचों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। राजेंद्र नगर वासी आशुतोष ने पुलिस को बताया कि उनके पिता मनोज कुमार पशु आहार विक्रेता थे। उपके पिता का राजेश, मंजीत, पवन, विनोद व मास्टर से लेनदेन था। उनके पिता का व्यापार मंदा चल रहा था। जिसके चलते यह सभी उनके पिता पर रुपये देने का दबाव बना रहे थे।

### भीम नगर कॉलोनी में सुनीं लोगों की समस्याएं

सोनीपत। भीम नगर में कॉलोनी वासियों को आ रही समस्याओं को लेकर भाजपा नेता तरुण देवीदास ने कॉलोनी वासियों से मुलाकात की और उनकी जन समस्याएं जानी। कॉलोनी वासियों ने बताया कि उनकी गलियां टूटी हुई है जिसे सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर गली में बहता रहता है। जिससे लोगों का गलियों से गुजरना मुहाल हो गया है। उन्होंने बताया कि कॉलोनी में कोई राशन डिपो भी नहीं है जिससे कॉलोनी वासियों को राशन लेने के लिए दूर तक जाना पड़ता है। सीएम विंडो समाधान सहयोगी एवं भाजपा नेता तरुण देवीदास ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। इस अवसर पर अशोक गर्ग, सत्यवान, बालकिशन, नरेश, बंसी, सुमित इत्यादि कालोनी के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# 26 लाख की लागत से डाली जाएगी नई सीवर लाइन

- वार्ड चार की पार्षद बबीता त्रिभुवन कौशिक ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** सीवर लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ करती पार्षद।

वार्ड नंबर 4 पार्षद बबीता त्रिभुवन कौशिक ने कहा कि पूरे देश में इस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर है, वहीं प्रदेश में सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा सरकार लगातार विकास करवा रही। पार्षद बबीता त्रिभुवन कौशिक मंगलवार को दिल्ली कैंप में नई सीवर लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ करने पहुंची थी। पार्षद ने बताया कि विभिन्न गलियों में 12 इंच की नई लाइन डाली जाएगी, जिसकी लागत लगभग 26 लाख आयेगी।

दिल्ली कैंप को सीवर के समस्या से निजात मिलेगी। इस मौके पर महेश जौहर, सरदार जीत सिंह, संजय, विजय, संदीप शर्मा, सिमरन शर्मा, विवेक, मोना, महबूब, शकीला, सुनीता, आरती, जैकी, विकास, सुरेश, अजय, शशि, शकुंतला, कांता, कैलासो इत्यादि मौजूद रहे।

### धोखाधड़ी कर बुजुर्ग के एक लाख निकाले

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में करीब पांच महीने पहले बुजुर्ग के खाते से धोखाधड़ी करके एक लाख रुपये की राशि निकालने के आरोप का मामला सामने आया है। बुजुर्ग के बेटे ने मामले को लेकर कष्ट निवारण एवं परिवाद समिति की बैठक में शिकायत दी। जिसके बाद पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग ठगों का पता लग सके। सुभाष नगर निवासी जगतसिंह ने बताया कि उसके पिता का एसआई बैंक रेलवे रोड वाली शाखा में है। खाते से गत जून व जुलाई महीने से एक लाख रुपये की राशि निकाल ली। जोकि उसके पिता की तरफ से नहीं निकाली गई। किसी ने उनके खाते से धोखाधड़ी करके राशि को निकाल लिया।

# चोरों ने एचडीएफसी बैंक के एटीएम को किया क्षतिग्रस्त

- पुलिस ने एक आरोपित को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ।

शहर थाना क्षेत्र के गांव ककरोई रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम को क्षतिग्रस्त कर नकदी चोरी की कोशिश की गई है। बैंक अधिकारियों को मामले का पता लगा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने वारदात में शामिल आरोपित दहिया कॉलोनी निवासी रोहित को गिरफ्तार कर लिया है। फरीदाबाद की ग्रीन फील्ड कॉलोनी निवासी नितिन ने शहर थाना पुलिस को बताया था कि वह मुख्यालय में कार्यरत है। शनिवार देर रात उन्हें ककरोई चौक से आगे स्थित उनके एटीएम में घुसकर किसी ने चोरी की कोशिश का पता लगा था। उसने चोरी करने के लिए एटीएम को क्षतिग्रस्त कर दिया है। पुलिस ने चोरी के प्रयास व नुकसान पहुंचाने का मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में जांच के बाद आरोपित रोहित को गिरफ्तार किया।

### आप की बदलाव यात्रा से बोखलाई भाजपा

**सोनीपत।** आम आदमी पार्टी हरियाणा में बदलाव-यात्रा को लेकर सभी विधानसभाओ में पहुंच रही है। आप की बदलाव यात्रा को लेकर भाजपा बोखलाई हुई है और अनाप-सनाप ब्यानबाजी कर रही है ये बात आम आदमी पार्टी हरियाणा के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने कही। देवेन्द्र गौतम ने बीजेपी हरियाणा द्वारा अपने ट्विटर हैंडल पर /"बदलाव यात्रा/" को लेकर पोस्ट की गई वीडियो पर कटाक्ष किया है। देवेन्द्र गौतम ने कहा है की पोस्ट में चाल-चरित्र-चेहरे को लेकर जो बात कही जा रही है उसको लेकर बीजेपी को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। हरियाणा सरकार में बैठे मंत्री खिलाड़ियों का शोषण कर रहे है। कृषि मंत्री जे पी दलाल किसानो पर अभद्र टिप्पणी कर रहे है।

### दस पार्कों में लगेंगे ओपन जिम व झूले

**गोहाना।** शहर के सेक्टर 7 के दस पार्कों में नगर परिषद लाइटों के साथ ओपन जिम और झूले लगवाएगी। मंगलवार को इस परियोजना का शुभारंभ नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने नारियल फोड़ कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड नंबर 17 के नगर पार्षद निपुण सहरावत ने की। रजनी विरमानी ने कहा कि जनता को अब जिमों की भारी-भरकम फीस देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पार्कों में लाइटों के साथ झूले और ओपन जिम लगाए जाएंगे जिनमें बड़ों के साथ बच्चे और महिलाएं भी मुफ्त में एक्सरसाइज कर सकेंगे। चेयरपर्सन ने कहा कि शहर के दूसरे पार्कों में ओपन जिम स्थापित किए जाएंगे।

## द सोनीपत हिंदू एजुकेशन सोसायटी के चुनाव 24 दिसंबर को

# 4 पदों के लिए 9, 17 सदस्यों के लिए मैदान में 34

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

द सोनीपत हिंदू एजुकेशन एंड चैरिटेबल सोसायटी के विभिन्न पदों के लिये उम्मीदवार एडी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। जिले की सबसे पुरानी शिक्षण संस्थाओं में से एक हिंदू संस्था के चुनावों में कुल 4 पदों के लिये 9 उम्मीदवार मैदान में हैं, वहीं 17 सदस्य पदों के लिये 34 उम्मीदवार मैदान में हैं। इन चुनावों में प्रधान, उपप्रधान, कोषाध्यक्ष और महासचिव पद के लिये 887 सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बता दें कि संस्था के चुनावों की प्रक्रिया काफी समय से लटकी हुई है। गत अक्टूबर में भी चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई थी। जिसके बाद से चुनाव प्रक्रिया दो माह आगे सरक गई थी। अब अगर चुनावों में किसी तरह की अड़चन नहीं होती तो लगभग ढाई साल बाद हिंदू संस्था को अपनी कार्यकारिणी मिल पाएगी। चुनाव प्रक्रिया के तहत 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक नामांकन का समय रखा गया था। इसके बाद 4 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच की गई, 5 दिसंबर को नामांकन वापसी का दिन रहा और 6 दिसंबर को चुनाव चिन्ह वितरित कर दिए गए थे। इसी प्रक्रिया के तहत अब 24 दिसंबर को चुनाव निश्चित हैं। मतदान का स्थान हिंदू विद्यापीठ, काठमंडी होगा, वहीं समय सुबह 8 से शाम 5 बजे तक का रखा गया है। मतगणना का कार्य मतदान के तुरंत बाद किया जाएगा।

### ये उम्मीदवार मैदान में

| पद | उम्मीदवार |
|---|---|
| प्रधान : | श्रीभगवान गुप्ता, राजीव अग्रवाल |
| उपप्रधान : | पवन कुमार मित्तल, राजेश मित्तल |
| महासचिव : | अनुज मित्तल, देवेंद्र कुमार, रवि प्रकाश |
| कोषाध्यक्ष : | जयकंवार जैन, पवन गोयल। |

**887 मतदाता करेंगे अपने मत का प्रयोग, जोर-शोर से चल रहा प्रचार**

### 103 साल पुरानी है संस्था

सोनीपत की हिंदू शिक्षण संस्था 103 साल पुरानी है। इसके 17 शिक्षण संस्थान चलते हैं। वर्ष 2017 में हिंदू संस्था के चुनाव हुए थे, इसमें भी काफी खींचतान हुई थी और चुनाव स्थगित तक करना पड़ा था, हालांकि बाद में चुनाव करवाए गए थे। वहीं इसके बाद 28 फरवरी 2021 को चुनाव होने थे, लेकिन नए सदस्यों की वोट को लेकर उपजे विवाद के चलते ये चुनाव नहीं हो पाए। इसके बाद संस्था पर प्रशासक नियुक्त कर दिया गया था। प्रशासक के तौर पर कभी सोनीपत एसडीएम, कभी सीटीएम तो कभी किसी अन्य अधिकारी को चार्ज दिया गया था। हिंदू शिक्षण संस्था में 168 सदस्यों का मामला काफी लंबे समय तक चला। 26 मई 2013 को बाबू रामकुमार मित्तल की प्रधानी के समय 168 सदस्य बनाए गए थे। इस विवाद के चलते संस्था में सालों तक खींचातान बनी रही थी।